# वर्तमान समय शिक्षा, विज्ञान और तकनीक का है : उप मुख्यमंत्री बैरवा

■ उप मुख्यमंत्री बैरवा एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने किया भामाशाह गोयल दंपत्ति का सम्मान

**चूरू, (कासं)।** उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा है कि वर्तमान युग शिक्षा, विज्ञान और तकनीक का है। युवाओं को अपना लक्ष्य तय कर एकाग्र एवं समर्पित होकर अपने सपनों को आकार देना चाहिए। अपने पुरुषार्थ से अर्जित कमाई का शिक्षा जैसे पुण्य कार्य के लिए दान करने वाले लोग सदैव अभिनंदन के योग्य हैं।

उप मुख्यमंत्री बैरवा गुरुवार को चूरू जिले के तारानगर स्थित मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में भामाशाह ताराचंद गोयल एवं विम्मी गोयल द्वारा स्व. राधाकृष्ण भगत एवं स्व. नारायणी देवी भगत की स्मृति में नवनिर्मित विज्ञान भवन कक्षों के लोकार्पण एवं भामाशाह सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री बैरवा ने भामाशाह गोयल परिवार की सराहना करते हुए कहा कि चूरू शिक्षा, सेवा और संस्कृति के लिए काम करने वाले लोगों की धरती है। सक्षम एवं सफल व्यक्ति को समाज में दूसरे लोगों की मदद करनी चाहिए तथा अन्य लोगों को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के दिए मंत्र 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' को उद्धृत करते हुए कहा कि शिक्षा का प्रकाश हर व्यक्ति, हर घर तक पहुंचना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड ने उपस्थित जनसमूह को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। राठौड़ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम का चरित्र हमें अपने जीवन की हर भूमिका के बेहतर निर्वहन की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व में एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है।

देश में स्किल डवलपमेंट, डिजिटलाइजेशन और एआई की दिशा में भरपूर काम हो रहा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने तारानगर में सिंथेटिक ट्रेक के लिए राज्य सरकार स्तर पर प्रयास करने की बात कही और कहा कि क्षेत्रा के विकास के लिए उनके प्रयास हमेशा जारी रहेंगे।

कार्यक्रम में भारतीय पैरालिंपिक कमेटी के अध्यक्ष पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि आज भारत की प्रतिभाएं पूरी दुनिया को चला रही हैं क्योंकि हमारे युवाओं ने शिक्षा को अपनाया है। दुनिया को सबसे ज्यादा इंजीनियर, डॉक्टर देने वाला देश भारत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पहली बार एक सौ करोड रुपए के बजट का प्रावधान स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के लिए किया है।

चूरू विधायक हरलाल सहारण ने भामाशाह परिवार की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के शैक्षिणक विकास के लिए राज्य सरकार की ओर से भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में भामाशाह ताराचंद गोयल एवं विम्मी गोयल का उप मुख्यमंत्री, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सहित अतिथियों ने सम्मान किया। सम्मान से अभिभूत भामाशाह ताराचंद गोयल ने इस भवन निर्माण कार्य की पृष्ठभूमि पर चर्चा की। राकेश जांगिड, श्रीकुमार लखोटिया आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन वीर बहादुर सिंह राठौड़, डॉ सरिता एवं अंकिता चौधरी ने किया।

इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं अतिथियों ने फीता काटकर एवं पट्टिका अनावरण कर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया तथा भवन का अवलोकन कर निर्माण कार्य की सराहना की। भामाशाह गोयल की ओर से कॉलेज में सोलर संयंत्र की व्यवस्था करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस दौरान पराक्रम सिंह राठौड, बसंत शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष जसवंत स्वामी, तपोवन के संत नागरदास, इस्कॉन मंदिर वृंदावन के रामतीर्थदास, अजीत सिंह मांडण, गोपाल शरण गर्ग आदि मंचस्थ रहे।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज शिक्षा विभाग के डॉ रविकांत शर्मा, लोहिया कॉलेज प्रचार्य डॉ मंजु शर्मा, सीताराम लुगरिया, नरेश झाझड़िया, मदनगोपाल बालाण सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कॉलेज शिक्षक, अधिकारी, विद्यार्थी, स्काउट-गाइड एवं एनसीसी कैडेट, मीडियाकर्मी एवं आमजन मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### श्रीरामनवमी पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**नोहर, (निसं)।** यहां के भारत माता आश्रम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। सभी भक्तों ने विधि-विधान से हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान आश्रम में भजन-कीर्तन और रामधुन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। धार्मिक परंपरा के अनुसार शुभ मुहूर्त में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं ने आरती कर भगवान का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भारत माता मंदिर के महंत रामनाथ अवधूत ने बताया कि रामनवमी का पर्व धर्म, सत्य और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। देशभर में यह पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर शिक्षाविद रामकिशन जोशी, गोपालराम स्वामी एवं आर. के. जोशी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजन में स्थानीय नागरिकों और युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। उपस्थित भक्तों ने भी भगवान राम के जीवन पर प्रकाश डाला एवं भगवान राम के जैसे सभी को अपनी मर्यादा में रहते हुए जीवन जीने की प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रशांत महर्षि, दशरथ गौड़, महावीर वालिया, रामकिशन जोशी, हरि सिंह मीणा, रामनिवास स्वामी, प्रेम स्वामी, विवेक कुमार, ,सुरेश कुमार मीणा, पंकज स्वामी, विक्रम स्वामी, एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। इस प्रकार नोहर के भारत माता आश्रम में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

### गोगामेड़ी पुलिस ने अवैध देशी पिस्टल सहित एक आरोपी को पकड़ा

**नोहर, (निसं)।** यहां के गाँव गोगामेडी पुलिस ने एक अवैध देशी पिस्टल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई हनुमानगढ़ जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। जिला पुलिस अधीक्षक हनुमानगढ़, नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि जिले में नशा, शराब तस्करी, अवैध हथियारों, जुआ-सट्टा और संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत वांछित अपराधियों, गैंगस्टर और उनके सहयोगियों की धरपकड़े के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हनुमानगढ़ गीता चौधरी और वृताधिकारी वृत भादरा संजीव कटेवा के निकट पर्यवेक्षण में, थानाधिकारी पुलिस थाना गोगामेड़ी चंद्रकला के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। सहायक उप निरीक्षक रतनलाल और उनकी टीम ने गश्त के दौरान रोही मुन्सरी से आरोपी ओमप्रकाश पुत्र सुंदर लाल (34) निवासी जाटान, पुलिस थाना भादरा को एक अवैध देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 51/2026, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक मीर सिंह को सौंपी गई है और आरोपी से गहनता से पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक रतनलाल, हेड कांस्टेबल महावीर प्रसाद, हेड कांस्टेबल संदीप, कांस्टेबल चालक राजेंद्र कुमार और पुलिस थाना गोगामेडी के सहायक उप निरीक्षक प्रवीण कुमार की विशेष भूमिका रही।

### रामनवमी पर गोगामेड़ी में सजे ऊंट

**नोहर, (निसं.)।** रामनवमी के अवसर पर गोगामेडी स्थित गोगाजी मंदिर के सामने श्रद्धालुओं के लिए ऊंटों को विशेष रूप से सजाया गया। ये ऊंट यहां पहुंचने वाले सैंकडो भक्तों को सवारी करवा रहे हैं। जिससे राजस्थानी संस्कृति की झलक पेश की जा रही हैं। गोगाजी धाम पर रामनवमी के पावन अवसर पर ऊंटों को रंग-बिरंगे गोरबंद, काठी, नवरिया और घंटियों से सजाया जाता है। ऊंट पालक रामुराम ने बताया कि इस विशेष सजावट के कारण श्रद्धालु इन सजे-धजे ऊंटों पर बैठना अधिक पसंद करते हैं। ऊंटों की सजावट में कई पारंपरिक तत्व शामिल होते हैं। इनमें ऊंट के गले का खास आभूषण गोरबंद (मणियों और धागों से बना), पीठ पर बैठने के लिए सजावटी काठी और कूबड़ को सजाने के लिए जालीदार सजावट प्रमुख हैं। इसके अलावा, ऊंटों के पैरों में नवरिया (मणियों वाली पायल) और गले में घुंघरू (मणियुक्त घंटियां) बांधी जाती हैं। कलात्मक नक्काशी भी की जाती है, जिसमें ऊंट के फर पर कैंची से राम-सीता, हनुमान जी की आकृतियां या धार्मिक प्रतीक बनाए जाते हैं। रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान इन ऊंटों को भगवा पट्टियों और ध्वजों से भी सजाया जाता है। यह श्रृंगार न केवल शोभायात्रा की भव्यता बढ़ाता है, बल्कि ऊंट पालकों की कलात्मकता को भी प्रदर्शित करता है और उन्हें अच्छी खासी कमाई भी होती है।

### यूथ फुटबॉल प्रतियोगिता 6 अप्रैल से

**नोहर, ( निसं)।** चित्तौडगढ़ में 6अप्रैल से होने वाली राजस्थान स्टेट यूथ फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली जिला फुटबॉल संघ हनुमानगढ़ की टीम के चयन हेतु 29 मार्च से 31 मार्च तक एक जिला स्तरीय यूथ फुटबॉल प्रतियोगिता स्थानीय बिहानी स्टेडियम नोहर में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में वो ही खिलाड़ी भाग ले सकते है जिनका जन्म 1 जनवरी 2007 से लेकर 31 दिसंबर 2009 के मध्य हुआ है। इस प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए फुटबॉल कोच गुलफाम खान को संयोजक ओर शारीरिक शिक्षक लूणाराम को सह संयोजक बनाया गया है टीम चयन हेतु तीन सदस्यीय चयन समिति में संयोजक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाडी विजयकिशोर महिया, ओर सदस्य के तौर पर फुटबॉल कोच जुल्फिकार पठान, ओर फुटबॉल कोच अशोक कंकर को लिया गया है। जिला फुटबॉल संघ हनुमानगढ़ सचिव शशिकांत शर्मा ने प्रेस विज्ञिप्त जारी कर बताया की आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के निर्देशानुसार सभी खिलाड़ियों को सीआरएस करवाना अनिवार्य है सीआरएस की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 है सभी खिलाडी अपने साथ दो फोटो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, ओर मूलनिवास साथ लेकर आए।

### भव्य शोभायात्रा आज

**रतनगढ़ (निसं)।** रामनवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च 2026 को रतनगढ़ में भक्ति, उल्लास और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जब सर्व सनातन समाज के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा श्री ताल वाले बालाजी मंदिर से सायं 4 बजे प्रारंभ होगी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु राम नाम के जयकारों के साथ शामिल होंगे। श्री ताल वाले बालाजी मंदिर में चल रही कथा के अष्टम दिवस पर संत सीताराम महाराज ने व्यास पीठ से सभी श्रद्धालुओं को इस भव्य आयोजन में भाग लेने का आव्हान किया।

## 31वां सन्यास दीक्षा दिवस मनाया

**झुंझुनूं, (निसं)।** गुरूवार को नियमित योग क्लास में योग शिक्षक पवन कुमार ने उपस्थित योग साधकों को रोगानुसार योगाभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन 1995 में रामनवमी के दिन रामकिशन यादव स्वामी रामदेव बन गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी के सान्निध्य में स्वामी जी महाराज का 31वां आध्यात्मिक अवतरण दिवस दीप प्रज्ज्वलन के साथ मनाया। इस अवसर पर दान भी संग्रह किया। चौधरी ने अपने उधद्बोधन में कहा कि सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म दिन कि हार्दिक शुभकामनाएं एवं कहा कि आप अपने जीवन में श्रीराम एवं स्वामी रामदेव जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करे। इस अवसर पर बजरंगसिंह शेखावत, डॉ. संपत्त बारूपाल, गोपाल सैनी, रामनिवास जिनोलिया, मनीराम कुलहरि, सुभाष सोनी, रजनी जिनोलिया, ललित मीणा, महर्षि दयानंद महिला जिला प्रभारी सुनिता बेनीवाल आदि उपस्थित थे।

## तोदी महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण व वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)।** स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय व श्री नथमल तोदी बी.एड.महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ तहसीलदार फारूक़ अली, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत, सचिव आशकरन शर्मा, प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत व डॉ बीनू शेखावत द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह के अंतर्गत वर्षपर्यन्त आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा राज्य स्तरीय निबन्ध व वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं, खेलों में विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर महाविद्यालय को गौरवान्वित करने वाले एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वंयसेवक रेन्जर-रोवर्स , शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को मंचस्थ अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान तहसीलदार फारूक़ अली, प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत व सचिव आशकरन शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया।

कार्यक्रम के अगले चरण में महाविद्यालय का सांस्कृतिक कार्यक्रम व शेखावाटी अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें एकल गायन प्रतियोगिता में वेदांता महाविद्यालय रींगस की तनवी बावेजा ने प्रथम, श्री ऋषिकुल बी एड महाविद्यालय की हंसा कुमावत ने द्वितीय तथा विनायक बी एड महाविद्यालय के निकित शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय विज्ञान महाविद्यालय सीकर की इशिका कुमावत ने प्रथम, सोना देवी सेठिया कन्या महाविद्यालय सुजानगढ की भाग्यलक्शमी ने द्वितीय तथा मोहिनी देवी गोयनका इंटीग्रेटेड महाविद्यालय की विनीता सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मोहिनी देवी गोयनका महाविद्यालय लक्ष्मणगढ की छात्राएं, द्वितीय स्थान पर मोहिनी देवी गोयनका बी एड महाविद्यालय की छात्राएँ तथा तृतीय स्थान पर रामा देवी महाविद्यालय नुआ की छात्राएं रही। विचित्र वेशभूषा में मोहिनी देवी गोयनका बी एड महाविद्यालय की भावना सैनी प्रथम, ग्रामीण महिला महाविद्यालय सीकर की नेहा द्वितीय तथा सोना देवी सेठिया कन्या महाविद्यालय सुजानगढ की भाग्यलक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मंचस्थ अतिथियों द्वारा नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

## किसानों को उन्नत कपास प्रबंधन तकनीकों की जानकारी दी

**हनुमानगढ़, (निसं)।** उत्तरी क्षेत्र परियोजना के अंतर्गत जिला हनुमानगढ़ के चक हीरासिंहवाला गांव में गुरुवार को एक किसान मेला एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कपास फसल में गंभीर कीट गुलाबी सुंडी की रियल-टाइम मॉनिटरिंग हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्मार्ट ट्रैप के उपयोग के बारे में किसानों को जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने गुलाबी सुंडी के प्रभावी प्रबंधन के लिए मेटिंग डिसरप्शन तकनीक के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। किसानों को बताया गया कि इस तकनीक के उपयोग से कीट के प्रजनन चक्र को बाधित कर फसल को सुरक्षित रखा जा सकता है। विशेषज्ञों ने किसानों को कपास की समग्र फसल प्रबंधन तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसमें ऑफ-सीजन प्रबंधन, बॉल रॉट, सफेद मक्खी, सूटी मोल्ड तथा पोषक तत्वों की कमी की पहचान एवं समाधान शामिल रहे। किसानों को उच्च उत्पादन के लिए ऐसी हाइब्रिड किस्मों के चयन की सलाह दी गई, जो कपास लीफ कर्ल वायरस रोग एवं रस चूसने वाले कीटों के प्रति सहनशील हों। कार्यक्रम में 350 से अधिक किसानों एवं कृषि वैज्ञानिक ने सक्रिय भागीदारी की।

इस अवसर पर डॉ. एस. के. सैन प्रधान वैज्ञानिक, पादप रोग विज्ञान, आई सी एआर-सी आई सी आर, सिरसा), डॉ. अनूप कुमार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र, संगरिया, डॉ. अमरप्रीत सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक, सस्य विज्ञान, डॉ. उमेश कुमार विषय विशेषज्ञ, कीट विज्ञान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में किसानों और वैज्ञानिकों के बीच संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस प्रकार के कार्यक्रम किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर कपास उत्पादन में वृद्धि और कीट प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

## जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हुआ चूरू

**चूरू (निसं)।** छोटी काशी के नाम से मशहूर धर्म नगरी चूरू गुरुवार को भगवामय नजर आया। पारंपरिक परिधानों में सजें भगवा-सफेद धोती, कुर्ता व पगडी पहने तथा हाथों में श्रीराम के ध्वज पताकाएं लिए कदम से कदम मिलाकर चल रहे शहरवासी।

अवसर था रामनवमी के पावन अवसर पर मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम के जन्मोत्सव के तहत निकाली गई भव्य शोभायात्रा का। जी हां हम बात कर रहे हैं, बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद् द्वारा रामनवमी शोभायात्रा आयोजन समिति की ओर से गुरुवार को निकाली गई भव्य भगवा शोभायात्रा की। शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड व विधायक हरलाल सहारण ने कन्या पूजन कर किया। इस दौरान उन्होंने कन्याओं को तिलक लगाकर, माला पहनाकर व उनके चरण स्पर्श कर कार्यक्रम का आगाज किया।

शोभायात्रा धर्म स्तूप से रवाना होकर, शास्त्री मार्केट, रेलवे स्टेशन, नई सडक, सुभाष चौक, सफेद घंटाघर, गढ़ चौराहा, पुरानी सड़क होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंची। रैली का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में व्यापारियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मुस्लिम समुदाय के लोगों व आमजन ने पीने का पानी, ठंडा पेय पदार्थ पिलाकर आस्था का परिचय दिया। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, विधायक सहारण, महिलाएं व युवतियां डीजे की धून पर थिरकते नजर आये। शोभायात्रा का आलम यह था कि सबसे आगे बाईक रैली, ऊंट-घोडी पर सवार शिवाजी, तांत्या टोपे व झांसी की रानी की झांकी व रथ में सवार रामदरबार की सजीव झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। यात्रा में साधु-संतो के परम सानिध्य में निकाली गई। शोभायात्रा का उत्साह ये था कि भक्ति, संस्कृति व श्रद्धा के संगम में शहरवासी डूबे नजर आये। इससे पूर्व इन्द्रमणी पार्क में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड व विधायक सहारण ने चूरू के ध्याननाथ, विद्यानाथ, बिसाऊ के रविनाथ, रतननगर के शिव नाथ व रमेश नाथ महाराज का शॉल ओढ़ाकर व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बजरंग दल के जिला सहसंयोजक आशीष चोटिया, शोभा यात्रा संयोजक गोपीचंद शर्मा, ओम प्रकाश सैनी, ब्रह्मानंद राजोतिया, चन्द्रप्रकाश शर्मा सहित बडी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे।

## साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिले

**खिरोड़, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक छीलरी में राज्य सरकार की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई।

साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरों पर खुशी झलक उठी और उन्होंने उत्साह के साथ अपनी नई शुरुआत की ओर कदम बढ़ाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही संस्था प्रधान संजू नेहरा ने कहा कि यह योजना केवल सुविधा नहीं, बल्कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि अब दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाली छात्राएं बिना किसी परेशानी के नियमित रूप से विद्यालय पहुंच सकेंगी, जिससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही वह साधन है, जो जीवन को नई दिशा देता है। सरकार की इस पहल से बेटियां अब और अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगी और अपने सपनों को साकार करेंगी।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिव गोरख ई बाइक, वार्ड न0 11, साबू स्कूल रोड सरदार पटेल स्कूल के पास पिलानी, तहसील पिलानी जिला झुंझुनूं ( राज.) में REG. No. RF/JJN/2022/3666 में रजिस्टर्ड है। BRN - 8004780016000027 है। इस फर्म में साझेदार भरत सिंह पुत्र महावीर सिंह शेखावत सुलताना हाल आबाद गणेश कॉलोनी पिलानी, तहसील पिलानी , जिला झुन्झुनूं ने त्याग पत्र दिनांक 30.07.2025 को दिया है। इसमें किसी को किसी तरह की आपत्ति हो तो रजिस्टर्ड आफ फर्म जिला उद्योग केंद्र झुंझुनूं को इसके प्रकाशन के सात दिवस में सूचित करें।

### उत्तर पश्चिम रेलवे

#### ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in, **2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय:** 22.04.2026 को 15:00 बजे तक, **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 22.04.2026 को 15.00 बजे के बाद, **Tender Notice No.:** 46-TRD-BKN-ETender-2025-26, **Name of work:** TRD modification work in c/w Construction of ROBs & RUBs of Deposit works over Bikaner Division, **Approx Cost of the work:** 40.79.853.10, **EMD/SD (Rupees):** 81.600.00 446-PS/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## सार-समाचार

### झुझार जी महाराज का मेला आयोजित

**नीमकाथाना (निसं)।** पाटन क्षेत्र की ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा में गुरुवार को लोकदेवता झुझार जी महाराज का वार्षिक मेला श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर रात्रि जागरण और कुश्ती दंगल का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। मेले की पूर्व संध्या पर आयोजित रात्रि जागरण में अलवर से आए कलाकारों ने आकर्षक झांकियों के साथ मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। पूरी रात भक्तिमय वातावरण बना रहा और दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानों और झूलों ने बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को आकर्षित किया। ग्रामीणों ने परिवार सहित मेले का आनंद उठाया। कुश्ती दंगल में दूर-दराज से आए पहलवानों ने दमखम दिखाया। विजेता पहलवानों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दंगल की अंतिम और सबसे रोमांचक कुश्ती 21 हजार रुपये की इनामी रही, जो कालू जमालपुर और रविंद्र मोसनोता के बीच हुई। कांटे की टक्कर में यह मुकाबला बराबरी पर छूटा, जिसके बाद श्री झुझार सेवा समिति ने दोनों पहलवानों को समान रूप से सम्मानित किया। मेले के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे आयोजन स्थल पर मेले जैसा उल्लासपूर्ण माहौल बना रहा।लोकमान्यता के अनुसार, ईमलोहा निवासी तीन भाई झुझार जी महाराज स्यालोदड़ा में गायों की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। मान्यता है कि युद्धभूमि में गर्दन कटने के बाद भी उनके धड़ कई पहर तक लड़ते रहे।स्यालोदड़ा में स्थित उनका ऐतिहासिक मंदिर आज भी आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिवर्ष जागरण, मेला और कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाता है। मेले के दिन गांव के हर घर में खीर-चूरमा बनाया जाता है, जिसे श्रद्धापूर्वक झुझार बाबा को भोग लगाया जाता है। वर्षभर यहां आसपास और दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु जात-जडूले लेकर आते रहते हैं।

### बाबूलाल कुलदीप भाजपा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बने

**सुजानगढ़ (निसं)।** नगरपरिषद के पूर्व सभापति बाबूलाल कुलदीप को भाजपा ने एससी मोर्चा में प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व दिया है। भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष निहालचंद मेघवाल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की अभिशंषा पर ये नियुक्ति दी। गुरुवार को नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप का भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनेक जगह माला पहनाकर व मुंह मीठा कर स्वागत किया। इस दौरान बाबूलाल कुलदीप ने कहा कि सभी को साथ लेकर अनुसूचित जाति में पार्टी को और मजबूत करने पर काम किया जाएगा। इस दौरान दीनदयाल पारीक, पंकज घासोलिया, कमल दाधीच, पुरुषोत्तम शर्मा, संपत पथानिया, गंगाधर लाखन, दीपक कौशिक, वीरेंद्र सैन, जब्बार भुट्टा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सम्मान किया।

### सुंदरकांड पाठ आयोजित

**चूरू (निसं)।** स्थानीय रैगर बस्ती स्थित श्री गंगा माता मंदिर का 46वां स्थापना दिवस समारोह गुरूवार को रामनवमी के पावन अवसर पर हर्षाल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रातः 9 से 12 बजे तक भव्य संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर भगवान श्रीराम को रिझाया। इस अवसर पर रैगर समाज के गणमान्य जनों ने उत्साह पूर्वक सुंदरकाण्ड पाठ का आनंद उठाया। इस स्थापना दिवस कार्यक्रम में मंदिर को भूमि प्रदान करने वाली भामाशाह रामादेवी पत्नी भूराराम फुलवाडिया का शॉल उडाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

### रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया

**चूरू (निसं)।** स्थानीय श्रीराम मंदिर में गुरूवार को रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी निकाली। श्रीराम मंदिर परिवार के प्रमोद मण्डावेवाला ने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की। राजेश मण्डावेवाला ने बताया कि भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर मंदिर में दोपहर 12.15 बजे श्रद्धालुओं ने महाआरती कर देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना की।


